# आना मेरे गाँव

# 3

**आइए सीखें** – कविता का सस्वर वाचन। • नए शब्दों की समझ । • खड़ी पाई वाले संयुक्ताक्षरों की पहचान। • वर्णों के सही क्रम का ज्ञान।

कोयल बोले कुहू–कुहू
बिल्ली बोले म्याऊँ।
मीठी बोली सुनना है तो
आना मेरे गाँव।।

बन्दर कूदे डाली–डाली
बरगद देता छाँव।
शुद्ध हवा गर पाना है तो
आना मेरे गाँव।।


बच्चे खेलें गुल्ली–डंडा
केवट खेता नाव।
सच्चा सुख पाना है तो
आना मेरे गाँव।।



**शिक्षण संकेत :**

कविता का हाव–भाव के साथ वाचन कराएँ। • संयुक्ताक्षरों की समझ विकसित कराएँ।

झगड़ा–दंगा कभी न होता
बैठे सब एक ठाँव।
अपनापन गर पाना है तो
आना मेरे गाँव।।



दादा–दादी की आशीषें
अम्मा के आँचल की छाँव।
प्यार सभी का पाना है तो
आना मेरे गाँव।।

डॉ.तारा निगम



## शब्दार्थ

केवट –नाव चलाने वाला

ठाँव – स्थान , ठौर

आशीषें –आशीर्वाद

शुद्ध–साफ, जिसमें मिलावट न हो

## अभ्यास

**1. बताइए –**

- नाव चलाने वाले को क्या कहते हैं ?
- कोयल कैसे बोलती है ?
- कविता की चार पंक्तियाँ सुनाइए ।

2. लिखिए –

- बच्चे क्या खेलते हैं ?
- केवट क्या खेता है ?
- बरगद हमें क्या देता है ?

3. (अ) नीचे दिए वर्णों को क्रम से लिखिए –

| ण | ढ | ठ | ड | ट | भ | प | ब | फ | म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |

(ब) नीचे दिए वर्णों को मिलाकर सही शब्द बनाइए –

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसे | य | ल | को | | – | कोयल |
| | व | ट | के | | – | .............................. |
| | र | ब | द | ग | – | .............................. |
| | ल | आँ | च | | – | .............................. |

(स) शुद्ध शब्द लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| कूहू | कुहू | दगां | ———————— |
| अशिष | ———————— | गवँ | ———————— |
| सूनना | ———————— | कवेट | ———————— |

## 4. पढ़िए और समझिए –



बि + ल् + ली
(बि + ल + ली )
बिल्ली



ब + च् + चा
(ब + च + चा )
बच्चा

## 5. (अ) पढ़िए , समझिए और लिखिए –

म्याऊँ – म् + या + ऊँ ..................................................

शुद्ध – शु + द् + ध ..................................................

गुल्ली – गु + ल् + ली ..................................................

सच्चा – स + च् + चा ..................................................

प्यार – प् + या + र ..................................................

## (ब) समान ध्वनि वाले शब्द बोलिए और लिखिए –

**जैसे**

बिल्ली – गिल्ली ____________

डाली – ____________ ____________

छोर – ____________ ____________

ठाँव – ____________ ____________

## 6. ऐसे कौन बोलता है ?

म्याऊँ – म्याऊँ ____________________

भौं – भौं ____________________

टर्र – टर्र ____________________

चीं – चीं ____________________

**शिक्षण संकेत :**

शिक्षक सभी बच्चों से समान ध्वनि वाले शब्द मौखिक रूप से सुनें। उन्हें श्यामपट पर लिखें । बाद में अभ्यास – पुस्तिका पर लिखाएँ।

7 . वर्ण पहेली में से उदाहरण के अनुसार शब्द छाँटकर लिखिए –

| | | |
|---|---|---|
| दा | मा | ल |
| दी | मी | ड़ |
| ना | का | की |
| नी | चा | ची |

जैसे–

दादा – दादी

मामा – ..................

नाना – .........................

लड़का– ....................

चाचा – ..........................

काका – .....................

अब करने की बारी –

8. शिक्षक एवं परिवार के सदस्यों की सहायता से अपने गाँव/ शहर के बारे में बताइए।

9. नाव और बरगद का चित्र बनाइए।